>

Title: Need to expedite the work on the proposed Motihari-Sitamarhi railway line.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): माननीय अध्यक्ष महोदया, हमारे मोतिहारी से सीतामढ़ी नई रेलवे लाइन बनाने के संबंध में हमें रेल राज्य मंत्री जी ने बताया कि उपरोक्त परियोजना पर कार्य चल रहा है। लोगों ने हमें बताया कि इस संबंध में परियोजना के अंतर्गत कोई भी प्रगति नहीं है। इसी परियोजना के बारे में हमने पुनः रेल राज्य मंत्री जी से पत्र के माध्यम से पूछा कि मोतिहारी से यह रूट कहां से होकर सीतामढ़ी तक जायेगा। परंतु आज तक जवाब नहीं मिला है। ऐसा लगता है कि इस परियोजना पर सही ढंग से कार्य नहीं हो रहा है और रेलवे बोर्ड भी इसमें ज्यादा रुचि नहीं ले रहा है।

इसी तरह से बिहार में कई रेलवे परियोजनाओं को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिसके कारण ये परियोजनाएं बीस से चालीस साल तक भी बन पायेंगी या नहीं बन पायेंगी, कुछ कहा नहीं जा सकता, क्योंकि रेलवे का सारा पैसा पश्चिम बंगाल पर खर्च हो रहा है।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मोतिहारी से सीतामढ़ी के बीच नई रेलवे लाइन बनाने के प्रस्ताव पर शीघ्र कार्य किया जाए। मोतिहारी से सीतामढ़ी के बीच का इलाका काफी पिछड़ा हुआ है। वहां के लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति बड़ी दयनीय है। उपरोक्त रेलवे लाइन बनाने से यहां आर्थिक विकास होने की काफी संभावनाएं हैं। धन्यवाद।